Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 21-12-2005

Participants : Azmi Shri Iliyas

an>

Title : Need to sanction conversion of metre gauge railway line between Lucknow and Barielly via Sitapur into broad gauge.

श्री इलियास आज़मी (शाहाबाद) : महोदय, लखनऊ से सीतापुर, लखीमपुर, पीलीभीत होकर बरेली तक मीटरगेज रेलवे लाइन है। इस क्षेत्र की सभी मीटरगेज लाइनें ब्रॉडगेज में पहले ही बदली जा चुकी हैं। हमारे आग्रह पर रेल मंत्री जी ने अपने पहले बजट भााण में इस लाइन के आमान परिवर्तन के लिए सर्वेक्षण की घोाणा की थी। करीब 18 महीना बीत जाने पर भी अभी तक कुछ नहीं हुआ। यह लखनऊ के उत्तरी तथा तराई क्षेत्र के विकास की बुनियादी जरूरत है।

मेरी सदन के माध्यम से रेल मंत्री जी से निवेदन है कि रेल मंत्रालय के अगले बजट में इस आमान परिवर्तन को अवश्य मंजूरी दें।